## सार-समाचार

### भजन संध्या का आयोजन

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में अग्रवाल महिला सेवा समिति द्वारा खाटू श्याम परिसर में महिलाओं द्वारा भव्य श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक मंजू मंगलम एवं भावना गोयल सुनीता अग्रवाल रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष पदमा अग्रवाल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत खाटू वाले श्याम बाबा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। दीप प्रज्वलन त्रिलोक अग्रवाल (आर.एस.) द्वारा श्याम बाबा को तिलक-चंदन लगाकर किया गया। इसके बाद 101 दीपकों की महा आरती का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गोविंद बरनाला, महेंद्र मेडिकल, उदेई मोड अध्यक्ष दुर्लभ गोयल, भवन ट्रस्ट अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, समाज समिति अध्यक्ष मोहन कुनकटा, मिर्जापुर समाज समिति अध्यक्ष लक्ष्मीचंद अग्रवाल, कर्मचारी परिषद अध्यक्ष राधा मोहन सहित कई गणमान्य अतिथियों द्वारा 101 दीपकों से आरती की गई। कार्यक्रम में श्याम मंदिर कमेटी कोषाध्यक्ष कुबेर मेडिकल, श्याम मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष राजेंद्र दुसाद तथा समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। महामंत्री रीना खन्ना, कोषाध्यक्ष साक्षी अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं ने श्याम बाबा के भजनों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए और सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। प्रचार मंत्री सुमन गर्ग सांस्कृतिक मंत्री कृष्णा, संरक्षक अनीता मित्तल ने बताया कि यह कार्यक्रम अत्यंत आनंददायक एवं आध्यात्मिक वातावरण से परिपूर्ण रहा। भजन संध्या में राधा-कृष्ण की झांकी में सजी मोना व पूजा विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। संतोष, सुनीता सिंगल, अनीता पंसारी पिंकी अग्रवाल सहित सभी महिलाओं ने खाटू श्याम बाबा के भजनों पर झूम-झूम कर नृत्य किया और वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रेखा अग्रवाल, प्रदेश सांस्कृतिक मंत्री सरोज जी गर्ग सुनीता तुलारा माधवी अग्रवाल, सुनीता गोयल, सुनीता खेतरपुर, क्षमअग्रवाल, पुष्पा जी गायत्री जी हेमलता सरिता बजाज सुषमा अग्रवाल, सुनीता सरल रेखा गुट्टा, सुमन गर्ग अंजू जिंदल सहित टीम ने भजन-कीर्तन को मधुर स्वर में प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम समापन पर सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गईं।

### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**करौली**, (निसं)। जिला प्रशासन एवं एक्शनएड एसोसिएशन इंडिया द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पंचायत समिति सभागार सपोटरा एवं सलेमपुर में महिला मजदूरों एवं आमजन को पोश अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करने हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया एक्शनएड एसोसिएशन इंडिया के जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिला मजदूरों को उनके अधिकारों, समानता और सामाजिक न्याय के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला मजदूरों ने भाग लिया। इस दौरान महिलाओं को श्रम अधिकार, समान मजदूरीसामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा महिलाओं के सम्मान और बराबरी के अधिकार के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और कार्यस्थल तथा घर दोनों जगह आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की। कोरो इंडिया समता फैलो रामराज बैरवा ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी होना बहुत जरूरी है ताकि वे किसी भी प्रकार के भेदभाव और अन्याय के खिलाफ आवाज उठा सकें। इस अवसर पर समानता का अधिकार, सशक्त आवाज, सशक्त नारी और न्याय व बराबरी की ओर जैसे संदेशों के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया गया। साथ ही महिलाओं को संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के अंत में बाल विकास परियोजना महिला सुपरवाइजर नरेशी मीणा ने प्रतिभागियों को महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और समाज में सम्मान व बराबरी सुनिश्चित करने का संकल्प दिलाया।सामुदायिक प्रशिक्षक जगदीश जाट ने महिला मजदूरों के अधिकारों, के साथ उनके लिए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।इस अवसर पर सभी ने महिला श्रमिको, उनके बच्चों एवं आमजन को कानूनी अधिकारों के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का संकल्प लिया।

### जाट होली मिलन समारोह मनाया

**भरतपुर**, (निसं)। महाराजा जवाहर सिंह स्मारक समिति भरतपुर ने जाट होली मिलन समारोह जाट भवन मडरपुर रोड, बिठोडियर घासीराम नगर के पास मनाया। होली मिलन का मुख्य आकर्षण बम्ब पार्टियों द्वारा होली रसिया गायन रहा एवं साथ ही चंदन तिलक और फूलों की होली के साथ हास्य व वीर रस की कविताओं एवं बम्ब पार्टियों की लय के साथ नृत्य प्रतियोगिताएँ रहीं। समारोह की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष देवीसिंह कुंतल ने की और कार्यक्रम अध्यक्ष सी.पी. सिंह हिंगोली वाले रहे। मुख्य अतिथि महिला दिवस पर महारानी किशोरी लोहागढ जाट महिला संगठन की अध्यक्षा श्रीमति विमला चौधरी को बनाया गया। विशिष्ट अतिथि सुधा सिंह इतिहासकार, डॉ. अमर सिंह, बच्चू सिंह पर्यावरणविद, अजय सिंह प्रेमी रहे। कार्यक्रम में विभिन्न जाट संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया जिसमें जाट कर्मचारी वेलफेयर संगठन, महाराजा सूरजमल शिक्षक संगठन, सूरज सेना, महारानी किशोरी लोहागढ जाट महिला संगठन, भरतपुर एवं अन्य संगठनों के जाट पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। महासचिव सुधीरपाल सिंह द्वारा सभी संगठनों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में सभी कार्यक्रम जाट भवन में करने का आव्हान किया। इं. महावीर सिंह तोमर ने जाट भवन निर्माण की जानकारी दी। समिति पदाधिकारी थान सिंह सोलंकी, ओमप्रकाश सोगरवाल, प्रमोद सिंह संत कृपाल स्कूल, हीरासिंह आर्य, विनोद सिंह कुंतल, बहादुर सिंह भगवान मार्बल ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में विभिन्न संगठन और जाट सरदारी से लगभग 500 लोगों ने भाग लिया।

### सर्व समाज सहायता टीम ने किया कन्यादान

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। सर्व समाज सहायता टीम करौली ने विन मां-बाप की दो अनाथ बच्चियो की शादी में किया कन्यादान। सर्व समाज सहायता टीम करौली के सदस्य करतार सिंह चौधरी धंधावी ने बताया कि जैसे ही सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना मिली कि सर्व समाज सहायता टीम गांव कारवाडी जट्ट/हिण्डौनसिटी निवासी स्व हरिमोहन प्रजापत की दो अनाथ बच्चि कीर्ति, मनीषा की शादी 10 मार्च 2026 को होनी है तब टीम ने विन मां-बाप दो आनाथ बच्चियों की शादी में सहयोग करने का मानस बनाया और सहयोग किया। की द्वारा भिड़ंत 4 बर्ष से बेसहारा, पीड़ित परिवार और अनाथ बच्चियों की शादी में सहयोग कर रही है । इस दोनों बच्चियों की माता स्व देवकी देवी की मृत्यु 15 बर्ष पूर्व हो गई थी और पिता स्व हरिमोहन प्रजापत की मृत्यु 1 बर्ष पूर्व हो गई है। इस परिवार मे दो बच्ची व एक बच्चा नाबालिक है इस परिवार का पालन-पोषण इनका चाचा बृजमोहन मजदूरी करके कर रहा है। इस परिवार मे कोई भी कमाने वाला नहीं था । टीम द्वारा शादी मे जरूरी सामान सिंगल बैड-2, आलमारी-2, वक्सा -2, गद्दा -2, वैडसीट -2, तकीया -4, कुर्सी -4, केविल-1, चौकी-2, कूलर-2 दिए गए और बच्चियों को आशीर्वाद दिया।

### अस्मिता लीग का आयोजन

**करौली**, (निसं)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत, करौली द्वारा रविवार को मुंशी त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम, करौली में अस्मिता लीग के अंतर्गत महिला खेल प्रतियोगिताओं एवं मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाना, उनमें आत्मविश्वास का विकास करना तथा खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में जिले की बड़ी संख्या में युवतियों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने महिलाओं को खेलों के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने तथा समाज में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मेरा युवा भारत, करौली के जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अस्मिता लीग जैसी पहल से महिलाओं और बालिकाओं को खेलों में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान स्थापित कर सकती हैं। उन्होंने युवतियों से खेलों के साथ-साथ शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी करने का आ ान किया। कार्यक्रम के दौरान 100 मीटर दौड़, 200 मीटर. 400 मीटर तथा मनोरंजन गतिविधियों का आयोजन किया गया । 400 मीटर दौड़ 13 से 17 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम कविता द्वितीय रवीना तृतीय धारना तथा 18 से 25 आयु वर्ग में प्रथम कल्पना मीना द्वितीय प्रिया तृतीय तराना रही।

# गंगापुर सिटी में सीडीपीओ को निलंबित करने की मांग

**■ ग्रामीणों ने पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर से शिकायत की, आंगनवाड़ी केंद्र हटाने व अभद्र व्यवहार करने का लगाया आरोप**

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। महूकलां गांव के ग्रामीणों ने सीडीपीओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर से मुलाकात की। ग्रामीणों ने सीडीपीओ पर गांव के सरकारी स्कूल में 25 सालों से संचालित आंगनवाड़ी केंद्र को जबरन खाली कराने और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों के अनुसार, 23 फरवरी को कार्यालय समय समाप्त होने के बाद और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के अवकाश पर होने के दौरान केंद्र का ताला तोड़ दिया गया। उन्होंने सीडीपीओ पर महिलाओं को डराने-धमकाने, अभद्र भाषा का प्रयोग करने और अनुचित व्यवहार करने का भी आरोप लगाया। ग्रामीणों ने सीडीपीओ पर विभिन्न कार्यों में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए उनके कार्यकाल में हुई भर्तियों, चयन प्रक्रियाओं और पोषाहार वितरण सहित अन्य कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। उन्होंने प्रशासन से सीडीपीओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की भी मांग उठाई। इस दौरान हरकेश गुर्जर, मुकेश बंजारा, प्रहलाद सनगत, मुन्ना गुर्जर, रूप सिंह गुर्जर, अरुण शाक्य, बच्चू पटेल, विश्वजीत सिंह, अजय सिंह, राजकुमार सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद रहे। ग्रामीणों ने मांग की कि 25 सालों से संचालित आंगनवाड़ी केंद्र को पूर्ववत उसी भवन में संचालित रखा जाए।

जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश पर किया नए भवन में स्थानांतरित

वहीं सीडीपीओ ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिला कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशों का पालन करते हुए महूकलां गांव में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र को स्कूल की दूसरी बिल्डिंग में स्थानांतरित कर दिया गया है। विभाग ने बताया कि स्थानांतरण से पहले भवन की छत की मरम्मत, रंगाई-पुताई, मुख्य गेट लगाना, धौलपुर पत्थर बिछाना, नल फिटिंग और पानी की टंकी की व्यवस्था करवाई गई थी। इन सभी व्यवस्थाओं के बाद हमने भवन का निरीक्षण किया और संतुष्ट होने के बाद ही आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन वहां शुरू करवाया गया है। खाली कराई गई पुरानी बिल्डिंग में आगे चलकर जनता क्लिनिक खोलने का प्रस्ताव है, जिससे क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। ग्रामीणों का कहना है कि जिस सरकारी भवन में जनता क्लिनिक शुरू किया जाना है, उसकी मरम्मत के लिए 4.96 लाख रुपए की राशि भी स्वीकृत हो चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोग इस प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं, जबकि उनका मानना है कि जनता क्लिनिक सरकारी भवन में संचालित होने से व्यवस्था अधिक पारदर्शी और नियमित होगी। इससे डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित होगी और क्षेत्र की आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

## नई कार्यकारिणी का गठन

**बयाना/भरतपुर**, (निसं)। यदुवंशी सैनी समाज पाल 12 गांव की महत्वपूर्ण बैठक गोविंद देव महाराज मंदिर, भीतरवाड़ी में आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि समाजसेवी बीसंबर सैनी रहे। इस अवसर पर समाज के गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में समाज बंधुओं की उपस्थिति रही। बैठक में सर्वसम्मति से पाल 12 गांव की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया तथा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। शपथ ठाहण के बाद अध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विशेष रूप से बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बेटी पढ़ेगी तो समाज आगे बढ़ेगा और समाज का नाम रोशन होगा। उन्होंने समाज से आव्हान किया कि बेटी और बेटे में किसी प्रकार का भेदभाव न किया जाए।

# लव कुश वाटिक आग से पौधे और घास जलकर खाक

**करौली**, (निसं)। मंडरायल सड़क मार्ग पर स्थित रडगमा ताल के पास लव कुश वाटिका में विद्युत फाल्ट से अकस्मात लगी भीषण आग से सैकडो हरे पौधा सहित घास जलकर खाक हुए यही नहीं जीव जंतु भी जलकर खाक हुए सूचना पर नगर परिषद की अग्नि समन गाडी पहुंची जिसने भीषण आग पर काबू पाया लेकिन आग पर काबू पाने से पूर्व वाटिका में हरे पौधा और घास जलकर खाक हो गई

जानकारी के अनुसार करौली मंडरायल सडक मार्ग पर स्थित रडगमा ताल के पास वन विभाग द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से लव कुश वाटिका तैयार की है जिसमें शहर के लोग प्रातः मॉर्निंग बाक पर भी जाते हैं वन विभाग द्वारा जिसमें तरह-तरह के पौधा भी लगा रखे हैं लव कुश वाटिका के बीचों बीच होकर 11 केवीए की विद्युत लाइन के अलावा 132 केवीए विद्युत लाइन निकल रही है लेकिन हुआ यह की रविवार को दोपहर के समय अकस्मात 11 केवीए की विद्युत लाइन में हुए फाल्ट से निकली चिंगारी से लव कुश वाटिका में आग लग गई जिसे देखकर वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों में हड़कंप मच गया और आग की सूचना कंट्रोल रूम 100 नंबर पर दी गई लेकिन कंट्रोल के नंबर पर कोई रेस्पांस नहीं मिलने पर मौके पर कार्यरत वन अधिकारी कर्मचारियों ने वन विभाग के रेंजर पवन मीणा को सूचना दी।

जिस सूचना पर रेंजर मीणा ने उच्च अधिकारियों को सूचना कर अग्नि समन बाहन को सूचना देकर मौके पर भेजा गया लेकिन हुआ यह कि अग्निशमन बाहन के पहुंचने से पूर्व लव कुश वाटिका के पौधे और घास जलकर खाक हो गए हालांकि अग्निशमन बाहन ने अंत में आग पर काबू पाया।

लेकिन गनीमत यह रही कि यह हादसा दोपहर के समय हुआ यदि यही हादसा प्रातः के समय होता तो अवश्य अनहोनी होती क्योंकि प्रातः के समय शहर के लोग लव कुश वाटिका में घूमने के लिए जाते हैं आग इतनी भयंकर थी की जिसे देखकर आसपास के लोग बड़ी संख्या में जमा हो गए विभागीय अधिकारियों से ली गई जानकारी के अनुसार के करीब एक हेक्टर क्षेत्र में लगे पेड़ पौधा और घास को आग से नुकसान पहुंचा है इसके अलावा जीव जंतु नष्ट हुए हैं।

# छात्र छात्रों को मिलेगी आधुनिक अध्ययन व इंटरनेट सुविधा

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। झारेडा क्षेत्र में एक नई लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। यह लाइब्रेरी झारेडा रोड कोलियों का पूरा में स्थित है।

संचालक भम्मलराम सैनी हवलदार अलीपुरा वालो ने बताया कि सैनी आदर्श लाइब्रेरी के उद्घाटन में मुख्यअतिथि,राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चन्द सैनी नेता प्रतिपक्ष नगर परिषद हिंडौन सिटी और महावीर जी सैनी समाज अध्यक्ष रेतीलाल सैनी पूर्व अध्यक्ष पूर्व सरपंच अमर सिंह निमरोठ राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड प्रदेश सचिव अशोक सैनी,गोपीराम सैनी गोपाल सैनी मदन मोहन सैनी गहलोत ट्रैक्टर वाले ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति और ठामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। नवनिर्मित इस लाइब्रेरी को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। इसमें लगभग 60 सीटों की क्षमता वाला एक शांत और सुव्यवस्थित अध्ययन कक्ष है। छात्रों की सुरक्षा के लिए पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए इंटरनेट सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे वे ऑनलाइन अध्ययन सामठाी का लाभ उठा सकें। रूम उद्घाटन समारोह में मंच संचालन कर रहे महेश चंद सैनी राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के प्रदेश प्रवक्ता ,रमेश सैनी बनवारी जी कोली रामवीरासैनी राहुल सैनी,राकेश सैनी,हरकेश गुर्जर,गोविंद सैनी,लोकेश सैनी,सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह सैनी आदर्श लाइब्रेरी क्षेत्र के छात्रों के लिए वरदान साबित होगी और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में काफी मदद मिलेगी। ठामीणों ने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार की शैक्षिक पहल से क्षेत्र में शिक्षा का स्तर बेहतर होगा। उनका मानना है कि यह युवाओं को अपने भविष्य को संवारने के बेहतर अवसर प्रदान करेगी।

## सम्मान किया

**सूरौठ**, (निसं)। समारोह में भाग लेने के लिए पहुंचे जयपुर मुहाना मंडी के अध्यक्ष पी.एल. प्रजापति व उनकी टीम का समाज के लोगों द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसके उपरांत टीम कस्बा सूरौठ निवासी राधेश्याम प्रजापत के निवास पर भी पहुंची, जहां स्थानीय लोगों ने माला व साफा पहनाकर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त तहसीलदार श्रीलाल प्रजापत, ओमप्रकाश, चेतन व भूपेंद्र प्रजापत सहित अन्य लोगों ने अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने समाज की एकता, भाईचारे और आपसी सहयोग को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि संगठित समाज ही विकास के नए आयाम स्थापित कर सकता है।

## निरीक्षण किया

**भरतपुर**, (निसं)। उपखण्ड अधिकारी भरतपुर भारती गुप्ता ने रविवार को निजी चिकित्सालय एस.जी.एन हॉस्पिटल, भरतपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं एवं मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उपचार व्यवस्था को लेकर मरीजों और उनके परिजनों से फीडबैक लिया। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार की महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजना मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के संबंध में भी जानकारी ली और यह सुनिश्चित किया कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का समुचित लाभ मिल रहा है या नहीं। उपखण्ड अधिकारी ने अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था, मरीजों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी बारीकी से जांच की। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए।

# अस्मिता खेल उत्सव में दौड़ीं भरतपुर की बेटियां

**■ आज मेरा युवा भारत और भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में खेल प्रतियोगिता आयोजित**

**भरतपुर**, (निसं)। लोहागढ़ के ऐतिहासिक खेल मैदान में आज मेरा युवा भारत और भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इस पावन अवसर पर भरतपुर की बालिकाओं और महिलाओं ने ट्रैक पर अपनी रफ्तार से लोहा मनवाया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्यप्रकाश लुहाच (पूर्व जिला खेल अधिकारी) रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजवीर सिंह (सचिव, राजस्थान सॉफ्टबॉल संघ), अभिषेक पंवार (जिला खेल अधिकारी), भूपेंद्र सिंह (उप जिला शिक्षा अधिकारी-शारीरिक), भरत सिंह (सेवानिवृत्त वरिष्ठ पीटीआई) तथा खेलो इंडिया से नीरज सिंह मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ठामीण और शहरी प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पटल पर लाने का सशक्त माध्यम हैं। कार्यक्रम का सफल और ओजस्वी मंच संचालन श्मेरा युवा भारतश् भरतपुर के पूर्व एपीएस जगदीश डागुर ने किया।

उनकी जोश भरी कमेंट्री ने खिलाड़ियों और दर्शकों में उत्साह का संचार बनाए रखा। प्रतियोगिता में तीन आयु वर्गों में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर की रोमांचक दौड़ स्पर्धाएं हुईं। उप निदेशक ,मेरा युवा भारत भरतपुर, सुनील राना के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही, खेल भावना का सम्मान करते हुए प्रत्येक प्रतिभागी को सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर श्मेरा युवा भारतश् भरतपुर से लेखा एवं कार्यक्रम सहायक गजेंद्र सिंह डागुर और सत्यवान सिंह सहित खेल विभाग के कोच और भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नारी शक्ति और विकसित भारत के संकल्प को दोहराया।

# भाजपा दीनदयाल मंडल के युवा मोर्चा ने मनाया रंगोत्सव

**भरतपुर**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय शहर मंडल युवा मोर्चा द्वारा अध्यक्ष सोनू शर्मा सिरौंद के नेतृत्व में शीशम तिराहा स्थित होटल बृज विहार में रंगोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा रही जबकि विशिष्ट अतिथि प्रदेश प्रवक्ता शैलेश कौशिक, जिला उपाध्यक्ष बृजेश अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी डॉ वीरेंद्र पचौरी, महिला मोर्चा जिला संयोजक कविता गोयल रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल अध्यक्ष चंद्रवीर जघीना ने की। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गयी। तत्पश्चात मुख्यअतिथियो का स्वागत किया गया। रंगोत्सव कार्यक्रम में राधा कृष्ण की विभिन्न प्रकार की मनमोहक झांकियो का प्रदर्शन किया गया, जो अति मनोहरी था। राधा कृष्ण की फूलों की होली देखकर दर्शक एक पल के लिए स्तब्ध रह गए। इसके अतिरिक्त और अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। रंगोत्सव कार्यक्रम में भरतपुर के सुप्रसिद्ध कवि श्याम सिंह जघीना मधुर, पूरन सिंह, गोविंद डागुर, राजीव चौधरी एवं अशोक धाकरे द्वारा ऐसा शानदार कविता पाठ किया गया कि दर्शक लोट पोट हो गए। कार्यक्रम में गौ सेवा समितियो का उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मान भी किया गया जिनमे श्री राधा कृष्णा गौ सेवा मंडल तिलक नगर के अध्यक्ष सूबेदार महेश शर्मा को उनके मण्डल द्वारा गौ सेवार्थ योगदान हेतु सम्मानित किया गया। ज्ञात है कि श्री राधा कृष्ण गौ सेवा मंडल द्वारा अब तक 60 लाख रुपए से अधिक की सेवा सावल दास घड़ी गौ शाला में की जा चुकी है तथा गौसूता दल की नेहा सोलंकी को भी सम्मानित किया गया इसके अतिरिक्त भरतपुर के सोशल मीडिया क्रिएटर्स को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आयोजक सोनू शर्मा शिरौंद ने रंगोत्सव के सभी आगंतुकों को तहेदिल से धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम में इस अवसर पर जिला आईटी सह संयोजक सुनील सेहनावली, कार्यालय सह प्रभारी वीरेंद्र पटेल, जिला प्रवक्ता कुलदीप पोसवाल, मंडल अध्यक्ष जीतू फौजदार एवं मोनू काजलवाला, दीपू पंडित, अनू फौजदार, चंद्रशेखर शर्मा, देवेंद्र ताखा, आकाश शर्मा, प्रिंस शर्मा, सुरेंद्र सिंघल, कपिल बंसल, प्रियांशु, राहुल सैनी, विवेक शर्मा, तरुण सैनी, दिव्यांशु सोनी आदि भाजपा कार्यकर्ताओ सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### ओमप्रकाश अग्रवाल बने अध्यक्ष

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। लायंस क्लब गरिमा की वार्षिक आमसभा होली मिलन समारोह के रूप में अग्रवाल भवन ट्रस्ट में आयोजित की गई। इस दौरान वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें सर्वसम्मति से ओम प्रकाश अग्रवाल को अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमजेएफ लायन पंकज मंगलम ने की। नई कार्यकारिणी में सचिन बंसल को प्रथम उपाध्यक्ष, शशिकांत शुक्ला को द्वितीय उपाध्यक्ष, वीरेंद्र कुमार आर्य को सचिव, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल को सह-सचिव, आलोक मित्तल को कोषाध्यक्ष और विश्वनाथ गोयल को सह-कोषाध्यक्ष बनाया गया। पंकज कुमार गुप्ता प्रशासक, कृष्ण कुमार मित्तल क्लब मेंबरशिप चेयरपर्सन, अमित गोयल एलसीआईएफ चेयरपर्सन, बासुदेव बंसल मार्केटिंग कम्युनिकेशन चेयरपर्सन, अंकुश सिंघल सर्विस चेयरपर्सन, मनीष अग्रवाल लियो क्लब एडवाइजर, विजेंद्र सिरोहिया टेल ट्विस्टर, सोमव्रत अग्रवाल टेल टेमर और डॉ. आशीष कुमार शर्मा क्लब प्रवक्ता मनोनीत किए गए। सचिव वीरेंद्र कुमार आर्य ने क्लब का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर निशुल्क मोतियाबिंद प्रत्यारोपण शिविर में 15 हजार सफल ऑपरेशन पूरे होने पर सहयोगी संस्था श्री श्याम पैरामेडिकल संस्थान, दौसा की टीम का सम्मान किया गया। पीएमजेएफ लायन डॉ. आशीष शर्मा ने क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। लायन मनीषा गोयल ने गणेश वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया। राधा-कृष्ण थीम पर सखी बंसल और भव्य खंडेलवाल को राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजाया गया। सदस्यों ने फूलों से होली खेली और होली धमाल नृत्य का आनंद लिया। बेबी शिवि, चार्ली, अर्णव, सपना बंसल, नीलू गोयल, ज्योति डंगायच, रश्मि मित्तल और रोहित भारती ने राधा-कृष्ण झांकी के साथ आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दीं, जबकि अक्षत खंडेलवाल ने गीत प्रस्तुत किया। यूपीएससी परीक्षा में 352वीं रैंक प्राप्त करने वाले अक्षत सिंघल के चाचा डॉ. संतोष सिंघल और रीता गुप्ता का क्लब की ओर से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन रचना मित्तल, पूजा खंडेलवाल, क्षमा सिंघल और निशा गोयल ने शेरो-शायरी और चुटकुलों के माध्यम से किया। लियो क्लब गरिमा की नई कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई। इसमें आयुष बजाज को अध्यक्ष, जितेंद्र सोनी को उपाध्यक्ष, शेखर नामा को सचिव और मनीष सोनी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए आगामी वर्ष में सेवा कार्यों को और विस्तार देने का संकल्प व्यक्त किया। अंत में अतिथियों और प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) जिला सवाई माधोपुर की प्रदेश, जिला व उपशाखा कार्यकारिणी के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर स्थित पार्क में हुई। इसमें 15 मार्च को प्रस्तावित ठस्ः सम्मान एवं होली मिलन समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में समारोह के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। आमंत्रण पत्र की जिम्मेदारी नरेश सिसोदिया व फिरोज खान को दी गई, जबकि जलपान व्यवस्था चंद्रप्रकाश गर्ग और हनुमान प्रसाद शर्मा को सौंपी गई। मंच व माइक व्यवस्था मोहिद खान और श्रीजेश गुर्जर को, माला व साफा की व्यवस्था रामबाबू शर्मा और सोहनलाल गुप्ता को दी गई। इस दौरान शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा हुई। संघ पदाधिकारियों ने मांग की कि नए सत्र की शुरुआत के साथ ही सभी विद्यालयों को एफटीबी (फ्री टेक्स्ट बुक) पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रीष्मावकाश में 10 दिन की कटौती नहीं की जाए और शिक्षकों से केवल शैक्षणिक कार्य ही लिया जाए, उन्हें गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखा जाए। संघ ने स्थानांतरण ग्रीष्मावकाश में ही करने, पदोन्नति के बाद शिक्षकों को तुरंत पदस्थापन देने और जनगणना कार्य में प्रत्येक विद्यालय से 25 प्रतिशत से अधिक स्टाफ न लगाने की मांग की। इसके अतिरिक्त, वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता और तृतीय श्रेणी अध्यापकों की लंबित पदोन्नतियां शीघ्र पूरी करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में महेश जैन, रामबाबू शर्मा, हनुमान प्रसाद शर्मा, नरेश सिसोदिया, चंद्रप्रकाश गर्ग, सोहनलाल गुप्ता सहित कई अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**भरतपुर**, (निसं)। भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान, भरतपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों, योगदान और उनकी दृढ़ता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. विजय वीर सिंहने की। अपने संबोधन में उन्होंने महिला सशक्तिकरण और नेतृत्व से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की थीम लाभ के लिए दो है, जिसका अर्थ है कि महिलाओं के सशक्तिकरण में निवेश करने से सामूहिक प्रगति और सतत विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। डॉ. सिंह ने राजनीति और समाज में महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि आदिवासी महिलाओं और बालिकाओं केसंपत्ति अधिकार, स्वदेशी पहचान तथा लोकतांत्रिक संवाद में रचनात्मक असहमति जैसे मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं को पुरुषों के समान भागीदार बनाया जाना चाहिए और सर्वोत्तम निर्णय वही होते हैं जो व्यक्ति के लिंग के बजाय विचारों की गुणवत्ता के आधार पर लिए जाते हैं। कार्यक्रम में भरतपुर जिले के विभिन्न गांवोंविजयपुरा, लुधावई और गोलपुरासे आई महिला किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्थान के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता करते हुए महिला किसानों के साथ अपने प्रेरणादायी अनुभव और विचार साझा किए।कार्यक्रम के अंत मेंडॉ. मोहन लालदोतानियाने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के जन्मदिवस के अवसर पर उघाड़मल बालाजी मंदिर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने भगवान हनुमान से वसुंधरा राजे के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं देश-प्रदेश की निरंतर सेवा करने की शक्ति की कामना की। इस अवसर पर निवर्तमान सभापति शिवरतन अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि वसुंधरा राजे ने मुख्यमंत्री रहते हुए राजस्थान के विकास को नई दिशा दी और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के हर वर्ग को लाभ पहुंचाया। उनके नेतृत्व में प्रदेश में सड़क, पानी, बिजली और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए। मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास ने कहा कि वसुंधरा राजे भाजपा की वरिष्ठ और अनुभवी नेता हैं, जिनके मार्गदर्शन में कार्यकर्ता सदैव ऊर्जा और प्रेरणा प्राप्त करते हैं। उनके जन्मदिवस पर किया गया यह हनुमान चालीसा पाठ उनके स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना के लिए है। पार्षद बबलू चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वसुंधरा राजे का नेतृत्व भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने प्रदेश के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिए और जनता के हित में कई ऐतिहासिक योजनाएं लागू कीं। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने भगवान हनुमान की आरती कर प्रसाद वितरण किया और वसुंधरा राजे के उज्ज्वल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर पार्षद वेदप्रकाश शर्मा, अतुल मुद्‌गल, सुरेश कटारिया, विकास सैनी, भरतलाल सैनी, राजू लाल, धर्मसिंह माली, सोनू, सीताराम, हरी ओम जोगी, जीतू, अजीत, शेरसिँह, फतहसिंह, पवन योगी, समय सिंह, पंकज, अवय, लखन, मनराज, पवन, राहुल, मेघराज सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पेड़ पर लटका मिला शव

**सरमथुरा**, (निसं)। सरमथुरा उपखंड क्षेत्र के चांदपुरा गांव में रविवार को एक लापता व्यक्ति का शव पेड़ पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचित किया गया।सरमथुरा थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर सीएचसी पहुंचाया। यहां चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोरेलाल मीणा की देखरेख में शव का पोस्टमार्टम किया गया और बाद में परिजनों को सौंप दिया गया।थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान चांदपुरा निवासी रामबीर (उम्र करीब 55 साल, जाति राजपूत) के रूप में हुई है। रामबीर पिछले लगभग एक महीने से लापता थे, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज थी। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर आगे की जांच शुरू कर दी है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा।